(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह व्यवस्था कब से पूर्ण रूप से कार्यान्वित कर दी जाएगी, और

(घ) क्या सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि दिल्ली यातायात पुलिस की यातायात नियंत्रण एवं दुर्घटना निवारण प्रणाली को समय-समय पर अभियान के रूप में शुरू करने की बजाय स्थायी और नियमित रूप से लागू कर दिया जाये ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी0 एम0 सईद) : (क) दिल्ली की सड़को पर बढ़ती जा रही सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने की दृष्टि से दिल्ली यातायात पुलिस नियमित रूप से दोषी, वाहनों/चालकों के खिलाफ विशेष जांच और अभियोजन अभियान चलाती है । इस संबंध में उठाए गए कदमों में शामिल हैं-रडार गन द्वारा वाहनों की गति की जांच करना, सड़क सुरक्षा साहित्य वितरित करना, महत्वपूर्ण चौराहों पर जन संबांधन प्रणाली के माध्यम से यातायात विनियमों की घोषणा करना, चालकों को प्रशिक्षण देना, अबाध यातायात परिचालन पद्धति शुरू करना, दुर्घटना बहुल क्षेत्रों में यातायात सिग्रल/ब्लिकर लगाना और बीच की पटरियों में आर-पार जाने की जगहों को बन्द करना, आदि ।

(ख) और (ग) दिल्ली की सड़कों पर बढ़े हुए यातायात की प्रभावी व्यवस्था के लिए दिल्ली यातायात पुलिस ने अत्याधिक उपकरण जैसे क्लोज सर्किट टी0 वी0 सिस्टम, रडार गनें और एक पैरिस्कोप यैन प्राप्त 1978-79 में शुरू किया गया था और 1993-94 में इसका उन्नयन किया गया ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों को बेहतर ढंग से देखा जा सके, इस समय इसके पांच कैमरे काम कर रहे है । रडार सिस्टम 1986 में शुरू किया गया था, 1993 से प्रिंटर सुविधा वाले नए रडार प्रयोग किए जा रहे हैं । पैरिस्कोप वैन, पिछले वर्ष से प्रयोग में लाई जानी शुरू की गई है ।

दिल्ली पुलिस की प्रशासनिक इकाइयों को मजबूत बनाने की प्रक्रिया एक हमेशा जारी रहने वाली प्रक्रिया है । इस संबंध में जब कभी प्रस्ताव प्राप्त होते हैं, उनकी जांच, गुण-दोश के आधार पर की जाती है

(घ) दिल्ली यातायात पुलिस ने एक व्यापक कार्य योजना तैयार की है जिसके अन्तर्गत यातायात नियमों का प्रवर्तन, जनता को जानकारी देना, सड़क सुरक्षा उपाय और इंजीनियरी कार्य जिनमें यातायात संकेतों, मार्ग विभाजकों का निर्माण, चौराहों का डिजाइन तैयार करना, सड़कों पर चिह्नांकन करना आदि कार्य करने का विचार हैं ताकि दिल्ली में यातायात की दशा सुधारी जा सके ।

Changes in Existing Laws to Check Atrocities on Women

310. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are considering changes in existing laws to check atrocities on women in the country;

(b) if so, what action has been taken by Government in that regard; and

(c) the time by which suitable changes are expected to be brought out?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) to (c) Changing of laws is a continuous process. While it is felt that adequate legal provisions exist to check atrocities against women, the Government is alive to the needs of the changing society and has been continuously modifying and amending the existing legislation as and when required to make the same more effective and stringent. The Government also feels that empowerment of women by way of schemes for making them economically strong as well as by involvement of all sections of society, in watching their interest, is as important as modifying legislation concerning them.

दिल्ली और लखनऊ में टेलीफोन हेतु प्रतीक्षा सूची

311. **श्री गोविन्द राम मिरी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जुलाई, 1995 की स्थिति के अनुसार दिल्ली और लखनऊ के विभिन्न टेलीफोन एक्सचेंजों में विभिन्न श्रेणियों के आवेदकों की प्रतीक्षा सूचियों का ब्यौरा क्या हैं,

(ख) क्या सभी प्रतीक्षारत आवेदकों को वर्ष 1995 के अन्त तक टेलीफोन कनेक्शन उपलब्ध करा दिये जाएंगे, और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) 1.7.95 को दिल्ली और लखनऊ की एक्सचेंजवार औरश्रेणी-वार प्रतीक्षा सूची के ब्यौरे क्रमशः विवरण-I और विवरण-II में दिए गए हैं (नीचे देखिए) ।

(ख) और (ग) जी, नहीं । तथापि दिल्ली और लखनऊ की प्रतीक्षा-सूची के पिछले संचय (बैकलॉग) को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं । इसके लिए 95-96 में दिल्ली के लिए 272700 और लखनऊ सहित यू0 पी0 (पूर्वी)के लिए 77900 नए कनेक्शन प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है ।

इसके अलावा, राष्ट्रीय दूरसंचार नीति- 1994 के अनुसार, 1997 तक दिल्ली तथा लखनऊ सहित सारे देश में व्यावहारिक रूप से मांग किए जाने पर टेलीफोन प्रदान कर दिए जाएंगे ।

विवरण –I

दिल्ली

क्र0 सं0	एक्सचेंज का नाम (केन्द्रीय)	1.7.1995 को प्रतीक्षा सूची		
		मात्रा	विशेष	सामान्य
1.	जनपथ	शून्य	शून्य	306
2.	जोरवाग	शून्य	शून्य	688
3.	किदवई भवन	256	2	940
4.	राजपथ	शून्य	शून्य	शून्य
5.	सेना भवना	384	18	751
6.	सी0 जी0 ओ0 कॉम्पलैक्स	शून्य	शून्य	शून्य
पूर्वी				
1.	दिल्ली गेट	शून्य	शून्य	1611
2.	ईदगाह	शून्य	शून्य	शून्य
3.	तीस हजारी	शून्य	शून्य	शून्य
4.	मिन्टो रोड	शून्य	शून्य	शून्य
यमुना पार				
1.	लक्ष्मी	शून्य	शून्य	7917
2.	यमुना विहार	5	5	6959
3.	शाहदरा	शून्य	शून्य	शून्य
4.	मयूर विहार	शून्य	शून्य	1925
5.	मयूर विहार (फेस-II)	शून्य	शून्य	297
साउथ				
1.	चाणक्य पुरी	224	28	5784
2.	हौजखास	213	25	12548
3.	वसन्त कुंज	616	53	5293
4.	छत्तरपुर	154	12	1725
साउथ-II				
1.	नेहरू प्लेस	391	41	21447
2.	ओखला	शून्य	शून्य	8295
3.	तेखंड	418	65	1495
4.	तुगलकाबाद	शून्य	शून्य	3419
नार्थ				
	-अलीपुर	शून्य	625	

क्र0 सं0	एक्सचेंज का नाम (केन्द्रीय)	1.7.1995 को प्रतीक्षा सूची		
2.	बादली	शून्य	शून्य	3613
3.	शक्ति नगर	शून्य	शून्य	6921
4.	नरेला	शून्य	शून्य	1218
5.	केशव पुरम	शून्य	शून्य	2066
6.	रोहिणी साउथ	27	16	2061
7.	रोहिणी नार्थ	118	42	14564
8.	दिल्ली विश्वविद्यालय	शून्य	शून्य	59
वैस्ट-।				
1.	जनकपुरी	शून्य	शून्य	5587
2.	दिल्ली कैन्ट	शून्य	शून्य	शून्य
3.	करोल बाग	शून्य	शून्य	3562
4.	नजफ गढ़	शून्य	शून्य	2719
5.	शादीपुर	शून्य	शून्य	1203
6.	पालम	शून्य	शून्य	शून्य
7.	इ0 गांधी एयरपोर्ट	शून्य	शून्य	शून्य
8.	समालखा	शून्य	शून्य	95
वैस्ट-॥				
1.	नांगलोई	474	84	6667
2.	रजौरी गार्डन	शून्य	शून्य	10878
3.	पश्चिमी विहार	शून्य	शून्य	शून्य
4.	हरी नगर	शून्य	शून्य	शून्य

विवरण-॥

1.7.95 **को प्रतीक्षा सूची**

लखनऊ

क्र0 सं0	एक्सचेंजों का नाम	ओ0 वाई0 टी0	विशेष	सामान्य
1.	केसर बाग	7	5	2207
2.	महानगर	13	10	6985
3.	गोमती नगर	15	-	1367
4.	आलमबाग	2	-	1898
5.	टी पी नगर	-	-	990
6.	आर जे पुरम	-	1	634
7.	भा0 देवन (एक्स-बार)2	-	-	939
8.	भादेवन (आरएलयू)	2	5	1179
9.	चिनहट	-	-	1
10.	अर्जुनगंज	-	-	-
11.	बिजनौर	-	-	-
12.	देवा रोड	-	-	-